दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन | भारत सरकार से रजिस्टर्ड | हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 113 मुरादाबाद, 11 August 2023 (Friday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

# पीएम मोदी बोले- विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ; 2024 में भी सरकार वापसी करेगी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब दे रहे हैं। एनडीए सरकार के खिलाफ लोकसभा में आज तीसरे दिन विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। इससे पहले कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने केंद्र सरकार पर कई हमले किए। बता दें कि विपक्ष ने 26 जुलाई को मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया था। हालांकि, मोदी-सरकार मात नहीं खाएगी, क्योंकि भाजपा और उसके सहयोगियों के पास लोकसभा में बहुमत है।लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की जनता ने हमारी सरकार पर बार-बार भरोसा जताया है और मैं देश की करोड़ों जनता के प्रति अपना आभार जताने के लिए यहां आया हूं।पीएम मोदी ने कहा, आज मैं देख रहा हूं कि आपने (विपक्ष) तय कर लिया है कि जनता के आशीर्वाद से ह्रष्ठ और भाजपा पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए प्रचंड जीत के साथ वापस आएगीविपक्ष ने 26 जुलाई को मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया था। हालांकि, मोदी-सरकार मात नहीं खाएगी, क्योंकि भाजपा और उसके सहयोगियों के पास लोकसभा में बहुमत है। मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ संसद में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पीएम मोदी जवाब दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता ने हमारी सरकार के प्रति बार-बार जो विश्वास जताया है, वे आज देश के कोटि-कोटि नागरिकों का आभार व्यक्त करने के लिए उपस्थित हुआ हूं रक्षा मंत्री और सासंद राजनाथ सिंह ने बुधवार को बताया था कि पीएम मोदी 10 अगस्त को संसद में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस दौरान पीएम मोदी विपक्ष द्वारा एनडीए सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देंगे। बता दें, 26 जुलाई को मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। उन्होंने कहा, %कहते हैं कि भगवान बहुत दयालु है और भगवान की मर्जी होती है कि वो किसी न किसी माध्यम से अपनी इच्छा की पूर्ति करता है। मैं इसे भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि विपक्ष प्रस्ताव लेकर आया। 2018 में भी यह ईश्वर का ही आदेश था, जब विपक्ष के मेरे साथी अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए थे। उस समय भी मैंने कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव हमारी सरकार का फ्लोर टेस्ट नहीं है, बल्कि ये उन्हीं (विपक्ष) का फ्लोर टेस्ट है। हुआ भी यही। उन्होंने आगे कहा कि जब मतदान हुआ, तो विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने वोट भी वो जमा नहीं कर पाए थे। इतना ही नहीं, जब हम सब जनता के पास गए तो जनता ने भी पूरी ताकत के साथ इनके लिए नो-कॉन्फिडेंस घोषित कर दिया और चुनाव में एनडीए को भी ज्यादा सीटें मिलीं और भाजपा को भी ज्यादा सीटें मिलीं। यानी एक तरह से विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है।

## यह होता है अविश्वास प्रस्ताव

50 सांसदों के समर्थन के साथ कोई भी लोकसभा सांसद अविश्वास प्रस्ताव पेश कर सकता है। अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के बाद सदन में चर्चा की जाती है। विपक्ष सदन में सरकार की कमियों को गिनाते हैं। सत्ता पक्ष के सांसद इसपर जवाब देते हैं। अंत में मतदान किया जाता है। यदि अविश्वास प्रस्ताव सफल हो जाता है तो सरकार गिर जाती है।

## भाजपा के खिलाफ दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव पेश

एनडीए के कुल 331 सांसद हैं। इनमें से 303 सांसद भाजपा के हैं। वहीं विपक्षी खेमें में सिर्फ 144 सांसद ही हैं। वहीं, अन्य 70 सांसद हैं। मोदी सरकार को दूसरी बार संसद में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जाएगा। सरकार के खिलाफ पहला प्रस्ताव आंध्र प्रदेश के मुद्दे पर 2018 में पेश किया गया था

# क्या हिंदुत्व देश से ज्यादा महत्वपूर्ण है? संसद में पीएम मोदी से ओवैसी ने पूछे सवाल



ऑनलाइन डेस्क। लोकसभा में मणिपुर पर केंद्र सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच एआईएमआईएम चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी बात रखी। उन्होंने बीजेपी के भारत छोड़ो अभियान को गृह मंत्री अमित शाह को घेरा। ओवैसी ने बीजेपी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने आ आरोप लगाया। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा गृह मंत्री ने कल (बुधवार) को कहा था भारत छोड़ो... अगर इनको मालूम हो जाए कि भारत छोड़ो का नारा एक मुसलमान ने दिया था तो वह इस शब्द का उपयोग नहीं करेंगे। उनको नहीं मालूम था। भारत छोड़ो का नारा देने वाले का नाम युसुफ मेहर अली था जिसको महात्मा गांधी ने देश में पैगाम दिया। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, गृह मंत्री ने कल (बुधवार) को कहा था भारत छोड़ो... अगर इनको मालूम हो जाए कि भारत छोड़ो का नारा एक मुसलमान ने दिया था तो वह इस शब्द का उपयोग नहीं करेंगे। उनको नहीं मालूम था। भारत छोड़ो का नारा देने वाले का नाम युसुफ मेहर अली था, जिसको महात्मा गांधी ने देश में पैगाम दिया।

## सरकार को कहना पड़ेगा, चीन भारत छोड़ो

उन्होंने आगे कहा, मैं कहना चाहता हूं आप (केंद्र सरकार) जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, उससे देश को नुकसान होगा। मैं पीएम से पूछना चाहता हूं कि क्या हिंदुत्व देश से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस देश में अगर आज भारत छोड़ो कहना है तो... कहना पड़ेगा चीन भारत छोड़ो, गौ रक्षकों को कहो भारत छोड़ो। ओवैसी ने कहा कि आप चीन पर चुप बैठे हैं और चीन हमारे देश में घुसकर बैठा हुआ है।

## महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है- औवैसी

इसके अलावा एआईएमआईएम चीफ ओवैसी ने जयपुर-मुंबई ट्रेन में फायरिंग, मणिपुर हिंसा, हिजाब मुद्दा, वर्शिप एक्ट, CC के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने केंद्र सरकार से पूछा कि कुलभूषण जाधव पाकिस्तान जेल में बंद है, उसे सरकार अभी तक क्यों नहीं लाई? उन्होंने कहा, आप कह रहे हैं मणिपुर के सीएम सहयोग कर रहे हैं, इसलिए आप उन्हें हटाना नहीं चाहते... असम राइफल के खिलाफ केस दर्ज हुआ है, महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। इन सबके बीच मणिपुर पर मोदी सरकार पर तंज सकते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने शायरी कही। उन्होंने कहा, कुर्सी है ये तुम्हारा जनाजा तो नहीं, कुछ कर नहीं सकते, तो कुर्सी से उतर क्यों नहीं जाते?

# अब मात्र 55 मिनट में तय होगा वाराणसी से लखनऊ का सफर, सीएम योगी ने किया शुभारंभ




विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस की वाराणसी-लखनऊ विमान सेवा गुरुवार से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई। यह फ्लाइट 4.05 बजे वाराणसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी। वाराणसी के बाबतपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लखनऊ की सीधी विमान सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहली उड़ान के यात्रियों का स्वागत करने के बाद दोपहर विमान ( 6 ई7483 ) को हरी झंडी दिखाई। पर्यटन मंत्री उसी विमान से लखनऊ से बाबतपुर एयरपोर्ट आएंगे। वह यहां से लखनऊ जाने वाले यात्रियों का स्वागत करेंगे। वाराणसी से लखनऊ की दूरी 55 मिनट में ही तय की जा सकेगी। हालांकि लखनऊ से वाराणसी पहुंचने में 1.10 घंटे ही लगेंगे। लखनऊ एयरपोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बनारस के जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारियों, विद्वत समाज और काशी विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुजनों ने लखनऊ से वाराणसी के लिए सीध विमान सेवा की मांग कर रहे थे। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी ने बीते नौ वर्षों में विकास की जिन ऊंचाइयों को छुआ है। उसे देखते हुए वाराणसी से लखनऊ के लिए सीधी हवाई सेवा की जरूरत बताई जा रही थी। जो कि आज शुरू हो रही है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

## सप्ताह में तीन दिन उड़ान

विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन ( मंगलवार, गुरुवार व शनिवार ) उड़ान भरेगी। फ्लाइट दोपहर 2.20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी और अपराह्न 3.10 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेगी। यही फ्लाइट 4.05 बजे वाराणसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी और शाम 5 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंच जाएगी। वाराणसी से लखनऊ के बीच का बेसिक किराया 2500-3000 रुपये के बीच तय हुआ है,

लेकिन फ्लाइट का किराया फ्लैक्सी होता है। सीटों की बुकिंग के साथ ही किराया बढ़ता और घटता रहता है। विमानन कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, पहली उड़ान से लिए ही अच्छी बुकिंग हुई है। यात्रियों की संख्या बढ़ी तो फ्लाइट का परिचालन नियमित कर दिया जाएगा। वाराणसी से लखनऊ के बीच अच्छा एयर ट्रैफिक मिलने की उम्मीद है।

# अतीक अशरफ हत्याकांड : कोर्ट में पेश हुए तीनों शूटर, न्यायालय से अधिवक्ता नियुक्त करने के लिए मांगा समय



शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। चार्जशीट दायर होने के बाद कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 10 अगस्त की तिथि मुकर्रर की थी। पेशी के दौरान आरोपियों ने मनपसंद वकील नियुक्त करने के लिए कोर्ट से समय मांगा। माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोपी लवलेश तिवारी, सनी सिंह, और अरुण मौर्या के विरुद्ध सत्र न्यायालय में परीक्षण शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे जिला जज संतोष राय की कोर्ट में प्रतापगढ़ की जेल में बंद तीनों आरोपित जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोर्ट रूम में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट से प्रार्थना किया कि वह अपने मनपसंद का अधिवक्ता नियुक्त करना चाहते हैं, जिनके लिए उन्हें समय दिया जाए। उनकी प्रार्थना को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तिथि नियत किया। आरोपितों के विरुद्ध एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 13 जुलाई को आरोप पत्र दाखिल किया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद मुकदमे को परीक्षण के लिए सत्र न्यायालय को सुपुर्द करने का आदेश दिया था। हत्यारोपित अरुण, लवलेश और सनी सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 302, 120 बी, 419, 420, 467, 468 आर्म्स एक्ट 377 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत उनके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया है।

## 15 अप्रैल को की गई थी हत्या

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल को सांय मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (कॉल्विन) के गेट पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में शासन की ओर से जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। जांच पूरी करने के बाद चार्जशीट कोर्ट में पेश कर दी गई है।



## संपादकीय Editorial

### Incidentally, Manipur

The debate on the no-confidence motion is going on in the Lok Sabha. The resolution should have focused on the Manipur violence, killings and sexual exploitation of women, as the Rajya Sabha was particularly stalled on this issue. As a result, only nominal work could be done in the Parliament session. Since Prime Minister Modi has been maintaining a prolonged silence on Manipur and has been consistently absent from the House, a motion of no confidence had to be moved to compel him to speak. On the first day of discussion on the motion, even during the nearly 6-hour debate, the Prime Minister remained absent. He must be sitting in his office listening to the statements of MPs! By the way, it is the prerogative of the Prime Minister that when he should come to the house or not come at all or interfere on any subject. Of course, the privileges of the Prime Minister are unlimited. It is not a question of privilege. The question of how many privileges to discuss is that the Prime Minister is also primarily a Lok Sabha MP. More or less, his presence is expected in the House during the discussion on the no-confidence motion. We are expecting this on the basis of democratic ethics and constitutional values, as the question of absence of Prime Minister has been raised incidentally during the discussion. Even the Prime Minister cannot be greater and greater than the Parliament. However, the debate on the motion was initiated by Congress MP Gaurav Gogoi. He had also given the notice of no-confidence motion. His statement was a total of 35 minutes. Since he is an MP from Assam, he spoke on Manipur for about 22 minutes. He raised the same questions, which have been raised by the Congress. On behalf of the ruling party, BJP MP Nishikant Dubey initiated the discussion, but he did not speak on the important aspects of Manipur's violence, caste tension and conflict and displacement. He definitely narrated a personal incident of his maternal uncle related to Manipur. However, he kept taunting Sonia-Rahul Gandhi only. He termed the 'son of the poor' and OBCs as 'no-confidence' and claimed to return in 2024 with a mandate of 400 seats. Kiren Rijiju, BJP MP from northeastern Arunachal Pradesh and Union Minister, uttered the word 'Manipur' 11 times, but did not mention sexual assault on women even once. He kept counting how many militant organizations have been destroyed and how many militants have surrendered. This count has been repeated several times. He referred to Prime Minister Modi's directive on Northeast that 5 Cabinet Ministers and 7 Union Ministers of State visit the Northeast every 15 days. Another Union Minister Narayan Rane and BJP MP from Sirsa (Haryana) Sunita Duggal did not even utter a word of Manipur. Rane spoke on Maharashtra, which was not even in context. In the opposition, SP MP Dimple Yadav and NCP MP Supriya Sule focused only on inflation, unemployment and agriculture. However, some questions were definitely raised on the Modi government regarding Manipur. It seems as if Manipur has to be mentioned out of context! Show of strength for 2024 in the name of Manipur! A total of 18 MPs made statements on the first day of the debate.Shiv Sena MP Shrikant Shinde did not speak even once on the situation in Manipur and the shameful rip-off incident, but did recite 'Hanuman Chalisa' in the House. Saugata Roy of the Trinamool Congress also commented on the foreign stay of the Prime Minister, especially US President Biden's private dinner, and questioned whether he is a 'traveling ambassador'? Such was the Manipur concern of the MPs. The killing is still going on there. Some 65,000 people have been displaced. There have been around 5000 violent incidents. rtridges snatched from the police are in the hands of the militants.

# Report of Caste Enumeration and Rohini Commission: The country is moving towards a new cycle of ethnic conflict

OBC castes have already got 27 percent reservation in education and jobs. The government may have to increase this reservation as well when the new figure comes. Along with this, all the OBC castes will demand reservation according to their numbers in public representation, which is going to prove to be a big challenge for most of the political parties. Recently, two incidents have happened almost simultaneously, which is a new front for the struggle of Indian politics and social justice. Can open The first is the Patna High Court's permission to Bihar's Nitish government to conduct a caste survey in the state and the second is the submission of its report to the President by the Rohini Commission constituted on OBC reservation in the country. In this report, the commission has recommended to divide the OBC castes into four categories. That is, if the caste survey will find out the exact number of backward castes in Bihar, while the Rohini Commission report, if applicable, then category-wise reservation in OBC There will be a fresh division. That is, the system of quota within the quota will be implemented. At present, 27 per cent reservation (this percentage varies from state to state) is applicable for OBCs in the country. Political parties will take advantage of these two incidents in different ways from the point of view of their interests. But one thing is clear that these incidents have given fresh air to the Mandal politics which has cooled down, which now it will not be appropriate to counter with Kamandal politics. The biggest danger in this 'Mandal Part 2' will be the new infighting within the OBCs, it remains to be seen how and in what form the political parties will take advantage of it. This politics can dominate the country for the next decade. The beginning of caste census from Bihar will intensify as such demand in the whole country. This will have an impact on the assembly elections of the four states to be held this year and the Lok Sabha elections to be held next year, because the most important phase of the fight for backward class reservation is that of political reservation, which is still unresolved or should be said that somehow it has to be tied up with other issues. Raised and kept pressed. OBC reservation may increase – OBC castes have already got 27 percent reservation in education and jobs. The government may have to increase this reservation as well when the new figure comes. Along with this, all the OBC castes will demand reservation according to their numbers in public representation, which is going to prove to be a big challenge for most of the political parties. That old slogan 'The greater the number, the greater the share' will gain momentum again. Keep in mind that the bill of 33 percent reservation for women in the country is stuck because OBCs first want to ensure their political reservation, only then want to support women's reservation. This is the reason why even after forming the government with full majority at the Center for nine years, the BJP has not been able to muster the courage to get the Women's Reservation Bill passed in the Parliament. Caste-based census has not been conducted in the country since 1931. Since independence, the Scheduled Castes and Scheduled Tribes are counted in the country, but the castes of OBC and general category have not been counted separately. Still, the number of OBC castes is estimated to be around 50 per cent. The real fear behind ignoring the caste enumeration is to usurp the supremacy of the upper and influential castes in political, social and economic spheres and to marginalize the value of merit in the face of numerical reservation. It does not mean that there are no deserving people in OBC. There are too, but still the upper castes dominate in holding the highest positions and responsibilities. What is the actual number of OBCs in the country, it will be known only when caste census is done in all the states of the country. Till now the central government has been denying it, because there is a danger of new division of the Hindu society on the basis of caste, along with it there is a concern of creating new conflicts in the OBC category itself. (Though in the case of Muslims, she is a supporter of this caste consciousness). More than this, the problem is that if the government takes action on the report of the Rohini Commission, then those backward castes, who have become strong after the OBC reservation and have taken maximum advantage of this reservation, may get angry with the government. These are the castes, which are capable of tilting the political balance in their favor in different states on the basis of numbers, money power and muscle power. Can governments afford to anger them? In its report, the Rohini Commission has presented an account of the number of all the castes coming under OBC and the fact of their social status and reservation benefits after the reservation given to this class 30 years ago. According to the report, a total of 2633 castes are listed under Other Backward Classes (OBC) in the country. But from the point of view of reservation benefits, social justice has been neglected or biased benefits have happened here. For example, out of total OBC castes/sub-castes, 983 castes have got zero benefit of OBC reservation. Then whether it is a matter of education or a government job. Similarly, the share of 994 castes in jobs and education is only 2.68 per cent. This simply means that one-third castes of this class have not got any special benefit of OBC reservation. The real beneficiaries of reservation have been the same castes, who have been wealthy and muscle power even among the OBCs. These actual figures of reservation benefits are going to defeat the basic purpose of equal social justice. Four categories proposed for OBC reservation – Rohini Commission report has not been made public yet, but According to media reports, the commission has proposed four categories of OBC reservation on the basis of backwardness, but what will be the basis of reservation quota distribution among these four categories of castes/sub-castes, it is not clear. If this basis is also caste population, then those castes who, despite being less in number, have been taking maximum advantage of reservation due to social awareness and resources, such as Jat, Yadav, Gujar, Kurmi, Kunbi, may remain in the most loss. Maratha, Patidar etc. If their reservation within the quota is reduced on the basis of numbers, then a lot of resentment can spread among them. Second, discontent may spread among those castes who, despite being larger in number, will get less reservation quota. It is possible that in order to sharpen the edge of the demand for caste enumeration of the opposition, the Modi government at the Center may announce the caste enumeration in the country before the Lok Sabha elections. Anyway, it will be implemented only in 2025. It remains to be seen if the BJP-led NDA comes back to power in 2014. For the time being, this message can only be given that BJP is not against caste enumeration. Anyway, BJP has the biggest trump card in the form of OBC face in the form of Prime Minister Narendra Modi, whose cut is not with any party. OBC leaders of other parties have the status of regional satraps. It is possible that the Modi government may use the Rohini Commission report as a counter to the caste census. This bet can be played in OBC also by implementing reservation quota for 1977 extremely backward castes within the quota and giving it the name of social justice. The effect will be that the OBC vote will be deeply divided and challenge the supremacy of castes that have become the 'forward among the backward'. Secondly, the Rohini Commission report will lead to another split in the OBCs. Because the Supreme Court had already made a division in OBCs as creamy layer and non-creamy layer. What can be its impact? - The direct impact of this entire development can be on the Scheduled Castes and Scheduled Tribes already counted in the census, because even there only selected castes have eaten the cream of reservation. Therefore, the demand for setting up a new commission like Rohini commission to study the benefits of reservation in SC/ST castes may gain momentum, as well as there may also be a demand to make some provision like creamy layer. As for the political contest of Mandal Part-2, the BJP no longer has any very strong issue like Ram Mandir, which can unite the majority Hindu society with the same power, because the Ram Mandir is now taking shape and is going to give knowledge. Or the temple-mosque issue of Mathura is more of a local level. In such a situation, the danger of Hindu society getting divided on the basis of castes is high. Overall, this country is moving towards the next phase of the struggle for social justice amidst the claims of becoming an economic superpower. No one will be able to avoid it even if they want to, because it has its own political advantages and disadvantages. The real question is to what micro level of struggle do we want to take reservation, because there can never be such an ideal situation, which will satisfy every section of the society. For this, instead of reservation till eternity, if not today, tomorrow, a time limit will have to be fixed for the benefit of reservation. Otherwise, the talk of social justice will remain only sloganeering and dream for all.

## Public interest gets lost in vested interests, people's trust rises from public representatives

Common people living in remote areas have also become aware of the speed with which the presence of those who have uninterrupted dedication towards the nation and the person standing at the end in party politics has decreased in the last four-five decades. Although it had started only in the three decades after independence, but after that its pace increased. A common citizen of India is familiar with the maximum number of political parties? It can be assumed that everyone is familiar with the main parties. In many places, regional parties are more popular than national parties. The recent two separate meetings of 26 and 38 political parties make the position of most of the parties in Indian politics very clear. In the present time, which party, with whom, when will it form an alliance and after how many days it will not return again, even the big pundits of politics will be unable to say anything on this. At present, the most famous name among the general public who rejects principles for power in Indian politics is that of Bihar Chief Minister Nitish Kumar. He emerged in politics during the JP movement. Although Nitish Kumar never faced such allegations of immense wealth collection, which were continuously leveled against two former Chief Ministers of Uttar Pradesh and Bihar, but like him, he also completely rejected the principles of JP. There were huge expectations from these three disciples of JP, but after coming to power, they forgot all that for which they were beaten. Common people living in remote areas have also become aware of the speed with which the presence of those who have uninterrupted dedication towards the nation and the person standing at the end in party politics has decreased in the last four-five decades. Although it started in the three decades after independence, but after that its pace increased. Today, the situation has become frightening due to the inclusion of elements like regionalism, casteism, familyism and establishment of Muslim community as vote bank. The speed with which the people who reached high constitutional positions indulged in wealth growth and glory, the public interest went backward at the same speed. Such an attachment has arisen even with the government bungalows that for the dignitaries, the only goal was to make their relatives heirs. Today, no one is surprised if cash worth crores is found in the homes of not only big and small leaders, but also of the assistants of the leaders. When 15-20 crores of cash is recovered from the homes of IAS officers, there is no point in searching for ethics in the system or expecting the same. In this, only a few were punished as an exception, but they too did not separate themselves from the politics of the country. Today, after dedicating his political parties to his family, he remains outspoken in politics without any shame or shame.

# मंडलायुक्त ने किया बेसिक शिक्षा विभाग के 40 स्कूलों में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन, बांटे लैपटॉप

## आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के 40 स्कूलों में संचालित होगा स्मार्ट क्लास



मुरादाबाद- मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय सभागार में स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के 40 स्कूलों में आपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों के जीर्णोद्धार के बाद स्मार्ट क्लास रूम संचालन का उद्घाटन किया। साथ ही इन स्कूलों के शिक्षकों को लैपटाप भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि अब बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं तकनीकी रुप से दक्ष बन सकेंगे। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि वह स्मार्ट स्कूल के लिए बधाई देते हैं। आपरेशन कायाकल्प में अब एक पैरामीटर में केवल एक कमी है बच्चों का स्मार्ट होना। यह जिम्मेदारी शिक्षकों की है।

उन्होंने कहा डिजिटाइजेशन के नकारात्मक प्रभाव से बचने की जरूरत बच्चों को है। बच्चों के मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखने की जरूरत है। सिखाने की पद्धति मजबूत होना चाहिए। आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत स्मार्ट सिटी परियोजना में नगरीय क्षेत्र के स्कूलों का जीर्णोद्धार कराया गया। अब इन 40 स्कूलों में स्मार्ट क्लास और लैपटाप के माध्यम से पढ़ाई होगी। नगर आयुक्त संजय चौहान ने बताया कि स्कूलों के सीसीटीवी कैमरे को जल्द ही एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़कर 24 घंटे निगरानी होगी। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में शिक्षक और बच्चों को भी स्मार्ट बनना होगा। इसमें से कुछ स्कूलों से बेहतर कार्य करने वालों को ब्रांड एंबेसडर बनाकर पुरस्कृत किया जाएगा।इन 40 स्कूलों में कंपोजिट विद्यालय दांग, कंपोजिट विद्यालय तहसीली, कंपोजिट विद्यालय मुगलपुरा, कंपोजिट विद्यालय कटार शहीद, मझोला, मुफ्तीटोला लाकड़ी, कंपोजिट विद्यालय सोनकपुर, पीएसी कन्या, कंपोजिट विद्यालय लोदीपुर, कंपोजिट विद्यालय राजकीय फैजगंज, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुर, उप्रावि मऊ, प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर, प्राथमिक विद्यालय मकबरा बालक, प्राथमिक विद्यालय कन्या दांग, प्राथमिक विद्यालय देहरी, फाजलपुर, आदर्श नगर, प्रावि मैनाठेर, प्रावि रहमतनगर, प्रावि सिकंदरपुर तिगरी, प्राथमिक विद्यालय हरथला, प्राथमिक विद्यालय भीमाठेर, प्राथमिक विद्यालय भोगपुर मिठौनी, प्राथमिक विद्यालय कटघर पूर्व कन्या, प्रावि भटावली, कुंदनपुर, प्रावि लालबाग बालक, प्रावि कटघर पूर्व बालक, प्रावि पटेल नगर, प्रावि धीमरी, प्रावि काजीपुरा, प्रावि ढक्का, प्रावि झांझनपुर, प्रावि पुलिस लाइन, प्रावि नवाबपुरा बालक और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह । कार्यक्रम में नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ संजय चौहान, एडी बेसिक शिक्षा बुद्ध प्रिय सिंह, मुरादाबाद स्मार्ट सिटी मिशन के मुख्य अभियंता अनिल कुमार मित्तल, नगर शिक्षाधिकारी मनोज बोस, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर इकाई के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, विष्णु भारद्वाज के अलावा विद्यालय की शिक्षिकाओं में रोशनी वर्मा सहित अन्य की मौजूदगी रही।

# ट्रिपिंग ने विभागीय अधिकारियों की भी उड़ाई नींद, एक्सईएन बोले- मैं भी रात भर नहीं सो सका...

मुरादाबाद- महानगर में बिजली विभाग की पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत तार बदलने के कार्य में ढिलाई से लोग परेशान हैं। कार्य के चलते लगातार कई दिनों से कुछ मुहल्लों में आपूर्ति बाधित हो रही है। साथ ही रात में ट्रिपिंग की समस्या भी बढ़ी है। जिससे विभाग के अधिकारी भी रात भर नहीं सो पाने की बात कर रहे हैं। बुधवार को अधिशासी अभियंता प्रथम शैलेंद्र गौतम ने बताया कि वह भी ट्रिपिंग के चलते रातभर सो नहीं सके हैं। आशियाना कॉलोनी में सुबह 8 से 3 बजे तक दिन में तीन बार बिजली आपूर्ति बाधित रही।अवंतिका और सांई मंदिर रोड पर आपूर्ति सुबह 11 बजे जाने के बाद दोपहर 2 बजे सुचारू हुई। नवीन नगर कॉलोनी में सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक ट्रिपिंग होती रही। नवीन नगर निवासी आलोक कश्यप ने बताया कि बिजली सुबह 10 बजे से कई बार आई गई। रामगंगा विहार के नवनीत अरोरा ने बताया कि बिजली आपूर्ति ने परेशान कर दिया है। थोड़ी देर आकर आपूर्ति कई घंटे के लिए बाधित हो जाती है। कई दिनों से आरडीएसएस योजना के अंतर्गत तार बदलने में आपूर्ति कई घंटों के लिए बंद रहती है। बुधवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक सप्लाई बंद रही। लोकोशेड मोहल्ले में लगातार सातवें दिन 11 से 4 बजे तक बिजली गुल रहने से लोग परेशान हो गए हैं। लोकोशेड निवासी राजेंद्र तिवारी ने बताया कि रोज तार बदलने के नाम पर बिजली गुल रहने लगी है। कार्य में बिजली कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि तार बदलने का कार्य कुछ ही घंटे चल रहा है। कुछ मुहल्लों का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण लगातार कार्य चल रहा है। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कार्य लंबा चल रहा है। जिससे क्षेत्र में ट्रिपिंग की समस्या पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी।

## पुराने मुहल्लों में रात को ट्रिपिंग की समस्या बढ़ी, 7 दिन से लोकोशेड और जिगर कॉलोनी में आपूर्ति बाधित



जर्जर तारों के कारण ट्रिपिंग की समस्या महानगर बनी है।

### घोषित कटौती में पांच मुहल्लों की बिजली रहेगी गुल

मुरादाबाद। महानगर में बिजली विभाग द्वारा जर्जर बदलने का कार्य चल रहा है। जिसको लेकर शहरवासियों को कटौती के पहले जानकारी दी गई है। जिससे सुबह पानी की व्यवस्था का इंतजाम किया जा सके। बुधवार को नगरीय विद्युत वितरण खंड प्रथम के क्षेत्र टीपी नगर में सुबह 10 से 4 बजे और लोकोशेड में 11 से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वितरण खंड द्वितीय में दौलतबाग 11 से 2 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

# स्वर्गीय वीरांगना फूलन देवी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाते हुए भाजपाइयों पर निशाना साधा





क्यूँ न लिखूँ सच
शशिकांत शर्मा

शाहजहांपुर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां के नेतृत्व में आज दिनांक 10 अगस्त 2023 को शाहजहांपुर के खिरनी बाग रामलीला जी.आई.सी मैदान में स्व.वीरांगना फूलन देवी कश्यप जी की जयंती बड़ी धूमधाम से बड़ी धूमधाम से मनाई गईद्य इस दौरान रामलीला मैदान में हजारों की तादात में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे ! जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बदायूं के बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव पहुंचे! जहां उन्होंने सभी नेताओं के साथ स्वर्गीय वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की ! उसके बाद पार्टी के सभी नेताओं ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव जी को 51 किलो की माला पहनाई और गदा देकर सम्मानित किया ! इसके बाद भाजपा पर निशाना साधते हुए समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी ने जो अत्याचार,शोषण अन्याय सहा है उस दिशा में देश में आज भी कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है मणिपुर से महिलाओं को लेकर दिल दहला देने वाली तस्वीर सामने आ रही है लेकिन केंद्र में जो सरकार सत्ता रुढ़ है वह महिलाओं के अत्याचार अन्याय और शोषण पर चुप्पी सादी है आने वाले वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव है ऐसी महिला विरोधी,किसान विरोधी,नौजवान विरोधी,अल्पसंख्यक और शोषित वंचित व कमजोर लोगों की विरोधी सरकार को धूल चटाने के लिए समाजवादी पार्टी का पार्टी हाई कमांड जिसे भी प्रत्याशी घोषित करें उसे भारी बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजना ही वीरांगना फूलन देवी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी ! पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव आज खिरनी बाग रामलीला मैदान पर आयोजित वीरांगना फूलन देवी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे श्री यादव ने कहा कि असहनीय अत्याचार अन्याय और शोषण झेलने के बाद फूलन देवी ने जिस तरह साहस का परिचय दिया अन्याय करने वालों का डटकर मुकाबला किया ऐसी मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिलती यह वजह है कि अमेरिका जैसे सशक्त देश में फूलन देवी को अपने यहां बुलाकर सम्मान दिया और इससे बड़ा भी सम्मान नेताजी मुलायम सिंह यादव ने उन्हें जेल से निकालकर उनके मुकदमे खत्म करा कर सदन में पहुंचाया और अन्याय के खिलाफ खड़ी होने वाली फूलन देवी को वीरांगना का दर्जा दिलाया उन्होंने कहा कि फूलन देवी की धोखे से जघन्य हत्या करने वाली सोच आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में है आने वाले 2024 में शोषण अन्याय और अत्याचार करने वाली सोच को अपने वोट से चोट पहुंचाकर समाजवादी पार्टी और उसके गठबंधन को जिताना है पूर्व सांसद ने सवाल किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत में महिलाओं का सम्मान हुआ किसने की आमदनी दोगुनी हुई और सिलेंडर सस्ता हुआ डीजल पेट्रोल में दम कम हुए ! उन्होंने कहा कि यह इतने शातिर हैं धर्म और मजहब के नाम पर फिर जनता को बरगलाने का काम करेंगे इनके बहकावे में ना आकर इस बार 2024 में परिवर्तन करना है लेले अन्यथा देश फिर चंदीना गुजराती हाथों में चला जाएगा देश में जो संपत्तियां बची है वह भी बिक जाएंगी उन्होंने कहा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जातिगत जनगणना एवं मंडल आयुक्त की सिफारिशों को लागू कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं पुरानी पेंशन के लिए जूझ रहे हैं दलित पिछड़े और अल्पसंख्यकों का भविष्य संवारने के लिए पसीना बहा रहे हैं अब जनता को सोचना है वह अखिलेश यादव का साथ देगी या जो आने वाली पीढ़ी के लिए गड्ढा खोद रहे हैं लोगों का आभार व्यक्त किया

# जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एस0एस चिल्ड्रन गर्ल्स स्कूल में फीता काटकर शुभारम्भ किया



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर एस0एस0 चिल्ड्रन एकाडमी गर्ल्स स्कूल सिविल लाइंस में 1 से 19 साल के बच्चों को एल्बेंडाजॉल गोली खिलाकर किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य की महत्ता के बारे में बताया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों से दवा के स्वाद के बारे में पूछा एवं दवा खाने के उपरान्त कोई परेशानी तो नहीं है इस बारे में भी पूछतांछ की। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह द्वारा बच्चों की न्यूरोसिसटीसारकोसिस के बारे में बताया और समझाया कि पेट के कीड़े आपका कितना नुकसान कर सकते हैं। मंच का संचालन श्रीमती सोनिका द्वारा किया गया और विद्यालय के कौयर ग्रुप द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह, डी0सी0पी0एम0 चन्द्रशेखर, प्रधानाचार्य एस0एस0 चिल्ड्रन एकाडमी गर्ल्स स्कूल सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# इंटरनेट पर न आजमाएं किस्मत, साफ हो जाएगा खाता

## गूगल पर उपलब्ध फोन नंबर पर कॉल करने पर हो रहे ठगी का शिकार, लालच में न आएं

मुरादाबाद- इन दिनों इंटरनेट पर ट्रेडिंग के उपहार छाए हुए हैं। टास्क पर दो-तीन गुना धनराशि रिटर्न के दावे हो रहे हैं। जीत-हार के दांव लगाने वाले ताश खेलना व अन्य कई तरह के टास्क हैं, जिन्हें पूरा कर कई गुना रकम कमाने का लालच दिया जा रहा है। इनमें दांव लगाने के चक्कर में कई खिलाड़ी असफल होकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इधर, पिछले कुछ महीने से साइबर सेल में आने वाली ठगी की शिकायतों में सबसे अधिक ट्रेडिंग वाले ही मामले हैं। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह कहते हैं कि साइबर क्राइम से बचने का तरीका जागरूकता ही है। बताया, ओलेक्स पर भी बहुत फॉड हो रहे हैं। कई कॉल ऐसी आ जाती हैं, जिसमें लड़कियों की आवाज होती है और वह फोन पर बातचीत करते-करते उनसे दोस्ती करने का बहाना बनाकर फिर ब्लैकमेल करने लगती हैं और ऑनलाइन ठगी करती हैं। कभी-कभी ऐसे एप आ जाते हैं जिन्हें डाउनलोड करने पर मोबाइल का डाटा हैक हो जाता है और फिर संबंधित के खाते से रुपये गायब हो जाते हैं। ट्रेडिंग के जरिए ठग अच्छे-अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को फंसा रहे हैं। ये लोग शुरूआत में सरल एक दो टास्क देकर लोगों में विश्वास जगाते हैं और फिर फंसा लेने के बाद 15-20 टॉस्क खेलने की शर्त रख देते हैं। फंसे रुपये निकालने के चक्कर में संबंधित व्यक्ति यदि उन टास्क पर दांव लगाता है तो वह और अधिक फंसता जाता है, उसके खाते से पैसे निकलते जाते हैं। इस तरह के काफी मामले सामने आ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना राजेश सिंह सुझाव देते हैं कि वित्तीय मामलों में इंटरनेट का प्रयोग कम करें तो बेहतर है।

### पढ़े-लिखे लोग भी खाते से गवां रहे कमाई

कटघर में गोविंदनगर गली नंबर-5 के सोहित कुमार वर्मा एक्सपोर्ट कंपनी में जॉब करते हैं। टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा करने के चक्कर में इनके बैंक खाते से 2.57 लाख रुपये निकल गए हैं। इन्होंने बताया कि टास्क पूरा करने के दौरान उनसे उनका बैंक खाता नंबर व यूपीआई नंबर मांगा गया था, जिसे उन्होंने संबंधित को दिया था। सत्यदीप शर्मा भौतिक विज्ञान से एमएससी हैं। कोविडकाल के बाद से घर पर वर्क फ्राम होम कर रहे थे। बताया घर पर खाली थे तो इंटरनेट पर मर्चेंट टास्क में सक्रिय हुए। इसमें उनके 64,200 रुपये फंस गए। अमेजन मॉल पर उन्हें 14 टास्क दिए गए। इन्होंने दो हजार रुपये से शुरू किया था। शुरूआत के टास्क में कुछ पैसे मिले भी लेकिन, फिर टास्क का एमाउंट बढ़ता गया। गेम वाले ने शर्त लगा दी कि सभी टास्क खेलने पर ही पैसे मिलेंगे। इस तरह उनके 1.10 लाख रुपये अमेजन मॉल पर फंसे हैं। सत्यदीप शर्मा ने बताया कि इंटरनेट ट्रेडिंग में बहुत ठगी हो रही है। कुछ दिन पहले साइबर थाने पर गए थे तो देखा था वहां 15-15 लाख रुपये गंवाने वाले कई लोग प्रार्थना पत्र लिए खड़े थे। वैसे देखने में आ रहा है ऑनलाइन ट्रेडिंग में दो-तीन गुना रिटर्न देने के बहाने व्यापक स्तर पर ठगी हो रही है। इसमें काफी संख्या में लोग फंसकर शिकार भी हो रहे हैं। मझोला में बैंक कॉलोनी के शिवांग शेखर के भी इसी चक्कर में 1.70 लाख रुपये चले गए हैं। पुलिस लाइन के दीपक रावत के खाते से 1.78 लाख रुपये साफ हो गए हैं। मैनाठेर के महमूदपुर माफी के रहने वाले विनोद कुमार के एक लाख रुपये निकल गए हैं। नागफनी के गोकुल दास कॉलेज के पास मुफ्ती टोला के अयाज के 99,000 रुपये चले गए हैं।

### गूगल के फोन नंबर पर न करें भरोसा

